प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 18.12.2024 समय : 09:00 ए.एम.

...............................

- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का आज शाहपुरा दौरा–विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे।
- मुख्यंमत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरों में की जा रही है कई बीमारियों की जांच–बडी संख्या में लोग लाभान्वित।
- राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने विकसित भारत के लिए सभी से भागीदारी निभाने का आह्वान किया।
- प्रदेश में तेज सर्दी का दौर–अगले तीन–चार दिनों तक कई स्थानो ंपर शीतलहर जारी रहने के आसार।

...............................

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज शाहपुरा दौरे पर रहेंगे। श्री शर्मा का शाहपुरा में विभिन्न विकास कार्यो के लोकार्पण का कार्यक्रम है। हमारे संवाददाता ने बताया कि वे शाहपुरा में जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

...............................

मुख्यमंत्री का भीलवाडा के सहाडा, पाली के मुंडेरा और पुष्कर जाने का भी कार्यक्रम है।

...............................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल जयपुर में ऊर्जा, सड़क, रेलवे और जल से जुड़ी 46 हजार 300 करोड़ रुपये से अधिक की 24 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। श्री मोदी ने राज्य की मौजूदा भाजपा सरकार के एक साल का कार्यकाल पूरा होने पर जयपुर के पास दादिया गांव में आयोजित समारोह में भाग लिया। इस दौरान श्री मोदी ने 11 हजार करोड़ रुपये से अधिक की 9 परियोजनाओं का उद्घाटन किया, जिनमें 7 केंद्र सरकार की और 2 राज्य सरकार की परियोजनाएं हैं। प्रधानमंत्री ने 35 हजार 300 करोड़ रुपये से अधिक की 15 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पार्वती, कालीसिंध, चंबल लिंक परियोजना से राजस्थान में पानी की समस्या का स्थायी समाधान होगा। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से न केवल निवेश को बल मिलेगा बल्कि युवाओं को रोजगार के असिमित अवसर मिलेंगे।

...............................

प्रधानमंत्री ने पानी की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जल संरक्षण समय की जरूरत है और इसके लिए देश के हर नागरिक इसमें योगदान देना चाहिए। राजस्थान की भजन लाल शर्मा के नेतृत्व वाली सरकार के कामों की प्रशंसा करते हुए श्री मोदी ने कहा कि प्रदेश में पिछले एक साल में ऐतिहासिक काम हुआ है।

...............................

प्रदेशभर में आयोजित किये जा रहे मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरों में बड़ी संख्या में आमजन स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठा रहे हैं। 31 जनवरी तक चलने वाले इन शिविरों के दौरान टीबी, ब्लड प्रेशर, शुगर और अन्य बीमारियों की जांच की जा रही है। इस दौरान कैंसर की भी स्क्रीनिंग हो रही है। केकड़ी में लगाए गए शिविर में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई और विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श लिया। झुंझुनूं में आयोजित शिविर का मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी ने आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान अनुपस्थित रहे कार्मिकों को नोटिस जारी किये गये। सवाईमाधोपुर जिले के विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित किये जा रहे है।

...............................

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने राजस्थान को वीर भूमि बताते हुए यहां के गौरवमयी इतिहास से प्रेरणा लेने का आह्वान किया है। उन्होंने जयपुर को सबसे सुनियोजित शहर बताते हुए इसकी स्वच्छता और सुंदरता के लिए सभी को मिलकर कार्य किए जाने पर जोर दिया। श्री बागडे कल नगर निगम की ओर से आयोजित जयपुर महोत्सव कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने विकसित भारत के लिए सभी से भागीदारी निभाने का भी आह्वान किया। इस दौरान राज्यपाल ने विभिन्न नगर निगम महापौरों से भी संवाद किया।

..............................

राज्य में पर्यटन के विभिन्न आयामों को बढावा देने के प्रयास किये जा रहे है। इसी कडी में जोधपुर कृषि विश्वविद्यालय अब कृषि पर्यटन की तैयारी कर रहा है। हमारे सवांददाता ने बताया कि एग्रो टूरिज्म से पर्यटन भी बढेगा, साथ ही किसानों को भी फायदा पहुंचेगा।

..............................

प्रदेश में अधिकतर स्थानों पर दिन में भी सर्दी का असर तेज हो गया है। फतेहपुर में आज भी पारा माइनस में दर्ज हुआ। वहां न्यूनतम तापमान माइनस शुन्य दशमलव 5 डिग्री सैल्सियस रहा। इसके साथ ही करौली, सीकर, चूरू, अलवर और माउंटआबू सहित अन्य स्थानों पर शीतलहर का दौर जारी है। सवाईमाधोपुर, भीलवाडा, उदयपुर, चित्तौडगढ और जालौर में भी सर्दी के तेवर तीखे बने हुए हैं। श्रीगंगानगर में आज कई खुले स्थानों पर बर्फ कीहल्की परत जमी देखी गई। हमारे संवाददाता ने बताया कि कडाके की सर्दी के कारण लोगों की दिनचर्या में बदलाव आया है।

..............................

मौसम विभाग ने कहा है कि राज्य में चल रही शीतलहर और कहीं–कहीं अति शीतलहर का दौर अगले तीन चार दिनों तक जारी रहने के आसार हैं। 20 दिसम्बर से कोटा और भरतपुर संभाग में सुबह के समय कहीं–कहीं घना कोहरा छाए रहने की भी आशंका है।

..............................

प्रदेश में जारी कडाके की सर्दी के कारण मौसमी बीमारियों का प्रकोप भी देखा जा रहा है। सर्दी जुकाम के साथ ही अस्थमा और सांस के रोगियों की तादाद बढ गई है। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में योग विभाग में सह आचार्य सर्वेश अग्रवाल ने आकाशवाणी से बातचीत में बताया कि इन दिनों खानपान में बदलाव और सर्दी से बचाव जरूरी है।

..............................